भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

लिखित प्रश्न सं. +189

सोमवार, 19 जुलाई, 2021/28 आषाढ़, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**ग्रामीण पर्यटन के विकास हेतु राष्ट्रीय रणनीति मसौदा और रूपरेखा**

+189 **श्री प्रताप सिम्हा:**

**श्री सी.एन. अन्नादुरई:**

**श्री गजानन कीर्तिकर:**

**श्री बी.वाई. राघवेन्द्र:**

**श्री धनुष एम. कुमार:**

**श्री गौतम सिगामणि पोन:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक पहल के रूप में भारत में ग्रामीण पर्यटन के विकास के लिए एक राष्ट्रीय रणनीति मसौदा और रूपरेखा तैयार की है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और मसौदे की मुख्य विशेषताएं क्या हैं;

(ख) क्या सरकार ने देश में ग्रामीण पर्यटन की संभावनाओं का आकलन किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कौन-कौन सी योजनाएं तैयार की गई है और इस संबंध में विशेषकर कर्नाटक में कौन-सी ग्रामीण पर्यटन परियोजनाएं कार्यान्वित/स्वीकृत की गई है;

(घ) इस संबंध में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कार्यान्वित/स्वीकृत की गई ग्रामीण पर्यटन परियोजनाएं कौन-सी हैं;

(ड.) विगत तीन वर्षों के दौरान और वर्तमान वर्ष के दौरान ग्रामीण पर्यटन के तहत ग्रामीण पर्यटन स्थलों के रूप में चिह्नित और विकसित किए गए गाँवों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है; और

(च) आत्मनिर्भर भारत मिशन में महत्वपूर्ण योगदान देने हेतु सरकार द्वारा देश में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या अन्य कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (च): जी हां। पर्यटन मंत्रालय ने ग्रामीण पर्यटन की अपार संभावनाओं को पहचाना है और पर्यटन के इस विशिष्ट क्षेत्र के संवर्धन और विकास पर सक्रियता से काम कर रहा है।

तदनुसार पर्यटन मंत्रालय ने **भारत में ग्रामीण पर्यटन के विकास के लिए राष्ट्रीय रणनीति और रूपरेखा का एक मसौदा तैयार किया है आत्मानिर्भर -भारत की दिशा में एक पहल।**

वोकल फॉर लोकल" की भावना से प्रेरित", ग्रामीण पर्यटन आत्मानिर्भर भारत के मिशन में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।

देश में ग्रामीण पर्यटन को विकसित करने के लिए यह रणनीति निम्नलिखित प्रमुख स्तंभों पर केंद्रित है:

(i). ग्रामीण पर्यटन के लिए आदर्श नीतियां और सर्वोत्तम प्रथाएं
(ii). ग्रामीण पर्यटन के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकियां और मंच
(iii). ग्रामीण पर्यटन के लिए क्लस्टर विकसित करना
(iv). ग्रामीण पर्यटन के लिए विपणन सहायता
(v). हितधारकों की क्षमता निर्माण
(vi). शासन और संस्थागत ढांचा

दस्तावेज़ को अधिक व्यापक बनाने के लिए, पर्यटन मंत्रालय ने सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों से राष्ट्रीय रणनीति और रूपरेखा के मसौदे पर प्रतिक्रिया/ टिप्पणियां/सुझाव मांगे हैं।

इसके अलावा, कर्नाटक सहित देश में ग्रामीण पर्यटन की क्षमता को पहचानते हुए, पर्यटन मंत्रालय ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने और घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों पर्यटकों को देश के ग्रामीण पहलुओं की एक झलक दिखलाने के लिए एक बल गुणक के रूप में पर्यटन का उपयोग करने के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना के तहत विकास हेतु एक थीमेटिक सर्किट के रूप में ग्रामीण सर्किट की पहचान की है।

ग्रामीण पर्यटन परियोजनाओं/प्रस्तावों सहित पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास के लिए परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से सर्किट के तहत विकास के लिए की जाती है और उन्हें निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की प्रस्तुति, योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन और पहले जारी की गई निधियों के उपयोग की शर्त पर स्वीकृत किया जाता है।

उपरोक्त मानदंड के आधार पर, मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के तहत देश में ग्रामीण सर्किट के विकास के लिए निम्नलिखित परियोजनाओं को स्वीकृति दी है:

**(करोड़ रुपये में)**

| **क्र.सं.** | **राज्य/स्वीकृति का वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|
| 1. | बिहार 2017-18 | गांधी सर्किट का विकास: भितिहारवा-चंद्रहिया-तुरकौलिया | 44.65 |
| 2. | केरल 2018-19 | मालानाड मालाबार क्रूज का विकास पर्यटन परियोजना | 80.37 |

पर्यटन मंत्रालय को कर्नाटक राज्य सरकार की ओर से ग्रामीण सर्किट के तहत विकास के लिए अभी तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

उपरोक्त के अलावा, ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी) ने सूचित किया है कि उसने 21 फरवरी 2016 को श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन की शुरूआत की थी, जिसमें चयनित ग्रामीण क्षेत्रों को आर्थिक, सामाजिक और बुनियादी सुविधाएं प्रदान करते हुए सामाजिक, आर्थिक और भौतिक रूप से स्थाई क्षेत्रों को क्लस्टर के रूप में बनाने का प्रयास किया गया है, जिससे देश में सतत और संतुलित क्षेत्रीय विकास हो सके। इस नवोन्मेषी मिशन के तहत देश भर में थीमेटिक आर्थिक विकास बिंदुओं के साथ 300 रुर्बन क्लस्टर विकसित करने का प्रस्ताव है। विकास का उच्चतम स्तर सुनिश्चित करने के लिए क्लस्टर विकास के लिए 21 वांछनीय घटक सुझाए गए हैं। पर्यटन संवर्धन इक्कीस घटकों में से एक है।

एमओआरडी ने आगे सूचित किया है कि कुल निवेश का 70 प्रतिशत विभिन्न केंद्रीय और राज्य योजनाओं के समन्वय के तहत जुटाया गया है। एसपीएमआरएम रूर्बन क्लस्टर्स के विकास को सक्षम बनाने के लिए क्रिटिकल गैप फंड (सीजीएफ) के रूप में परियोजना लागत के 30% (जनजातीय क्लस्टर के लिए अधिकतम 15 करोड़ रुपये और गैर-जनजातीय क्लस्टर के लिए 30 करोड़ रुपये तक) की अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इस मिशन के तहत राज्यों के लिए वित्त पोषण का अनुपात 60:40 और 8 पूर्वोत्तर राज्यों, 3 हिमालय राज्यों के लिए 90:10 है। संघ राज्य क्षेत्रों के लिए शत प्रतिशत वित्त पोषण भारत सरकार द्वारा किया जाता है।

एमओआरडी द्वारा यह भी सूचित किया गया है कि राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने एकीकृत क्लस्टर कार्य योजना के तहत पर्यटन को बढ़ावा देने से संबंधित गतिविधियों का प्रस्ताव दिया है। पर्यटन विकास से संबंधित गतिविधियों के लिए आवंटित राशि सहित क्लस्टरों की सूची जिनमें पर्यटन से संबंधित गतिविधियों को शुरू किया गया है, एसपीएमआरएम के तहत पर्यटन परियोजना की सूची **अनुबंध** में दी गई है।

*******

**अनुबंध**

ग्रामीण पर्यटन के विकास हेतु राष्ट्रीय रणनीति मसौदा और रूपरेखा के सम्बन्ध में दिनांक 19.07.2021 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. +189 के भाग (क) से (च) के उत्तर में **विवरण**

**एसपीएमआरएम के अन्तर्गत पर्यटन परियोजनाओं की सूची**

| क्र. सं. | राज्य का नाम | जिले का नाम | क्लस्टर का नाम | उप घटक | क्रिटिकल गैप फंडिंग (सीजीएफ) (करोड़ रु. में) | कन्वर्जेंस फंड (करोड़ रु. में) | कुल (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | पश्चिम गोदावरी | एलुरु | टूरिस्ट लॉज | 3.04 | 8.00 | 11.04 |
| 2 | असम | कामरूप | हाजो | पर्यटन के लिए तीर्थ स्थलों का विकास | 3.35 | 2.85 | 6.20 |
| 3 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | दक्षिण अंडमान | फेरारगंज | कृषि पर्यटन | 0.00 | 2.70 | 2.70 |
| | | | | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 6.96 | 0.00 | 6.96 |
| | | | | पर्यटन पार्कों का निर्माण | 4.50 | 0.80 | 5.30 |
| | | | | पगडंडी | 1.14 | 0.00 | 1.14 |
| | | | | पर्यटक स्थलों के पास सार्वजनिक सुविधा सह कैफेटेरिया | 4.30 | 0.00 | 4.30 |
| | | | | रेलिंग या फ्लोटिंग जेट्टी या लकड़ी की जेट्टी | 1.10 | 0.30 | 1.40 |
| | | | | ऐतिहासिक स्थलों को पुननिर्माण करना | 1.44 | 10.76 | 12.20 |
| | | | | पर्यटन के लिए रिवरफ्रंट विकास | 1.20 | 0.00 | 1.20 |
| | | | | पर्यटक स्थानों के आसपास दुकानें या बाज़ार | 0.00 | 0.23 | 0.23 |
| | | | | पर्यटन स्थलों के किनारे वॉक वे | 0.00 | 0.65 | 0.65 |
| 4 | बिहार | गया | नौरंगा | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 0.00 | 11.33 | 11.33 |
| | | | | पर्यटन पार्कों का | 19.43 | 0.00 | 19.43 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | निर्माण | | | |
| | | | | पर्यटन के लिए रिवरफ्रंट विकास | 2.00 | 0.00 | 2.00 |
| | | | | पर्यटक स्थानों के आसपास दुकानें या बाज़ार | 2.00 | 0.00 | 2.00 |
| | | | | टूरिस्ट लॉज | 3.00 | 0.00 | 3.00 |
| 5 | दादरा और नगर हवेली | दादरा नगर हवेली | सायली | पर्यटक स्थानों के आसपास दुकानें या बाज़ार | 1.50 | 0.00 | 1.50 |
| 6 | दमन और दीव | दमन | मोती दमन | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 7.75 | 0.00 | 7.75 |
| 7 | गोवा | दक्षिण गोवा | सेलडेम | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 2.50 | 0.00 | 2.50 |
| | | | | पगडंडी | 0.00 | 3.00 | 3.00 |
| 8 | गुजरात | अरवल्ली | शामलजी | पर्यटन के लिए तीर्थ स्थलों का विकास | 9.00 | 16.00 | 25.00 |
| | | | | पर्यटन स्थलों के किनारे वॉक वे | 0.50 | 0.00 | 0.50 |
| 9 | गुजरात | बनासकांठा | अम्बाजी | विरासत गांव एवं पर्यटन | 7.00 | 25.00 | 32.00 |
| 10 | गुजरात | मेहसाणा | बेचाराजी | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 8.56 | 0.00 | 8.56 |
| | | | | पर्यटन के लिए तीर्थ स्थलों का विकास | 1.22 | 0.00 | 1.22 |
| 11 | गुजरात | मोरबी | टिकर | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | | | | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 1.19 | 0.32 | 1.51 |
| | | | | पर्यटन के लिए रिवरफ्रंट विकास | 1.60 | 0.00 | 1.60 |
| 12 | गुजरात | पंचमहल | मोरवा | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 1.80 | 0.00 | 1.80 |
| | | | | पर्यटन के लिए तीर्थ स्थलों का विकास | 2.80 | 0.00 | 2.80 |
| 13 | हरियाणा | झज्जर | बादली | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 1.00 | 0.00 | 1.00 |
| 14 | हरियाणा | करनाल | बल्लाह | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 0.00 | 1.22 | 1.22 |
| 15 | हरियाणा | पंचकुला | गणेशपुर | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 7.69 | 2.48 | 10.17 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | पर्यटन पार्कों का निर्माण | 1.00 | 0.00 | 1.00 |
| 16 | हरियाणा | रेवाड़ी | कोसली | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 3.00 | 0.00 | 3.00 |
| 17 | हिमाचल प्रदेश | किन्नौर | मूरंग | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 12.80 | 0.00 | 12.80 |
| 18 | हिमाचल प्रदेश | मंडी | औट | कृषि पर्यटन | 0.88 | 0.16 | 1.04 |
| | | | | कृषि पर्यटन | 1.37 | 3.69 | 5.06 |
| 19 | हिमाचल प्रदेश | शिमला | घनाहट्टी | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 2.00 | 0.00 | 2.00 |
| 20 | झारखंड | दुमका | बेहराबंक | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 1.65 | 0.10 | 1.75 |
| | | | | पर्यटन पार्कों का निर्माण | 0.40 | 0.00 | 0.40 |
| 21 | झारखंड | गुमला | करौंदी | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 0.10 | 0.00 | 0.10 |
| | | | | पर्यटक स्थलों के पास कुर्सियाँ/बेंच | 0.05 | 0.00 | 0.05 |
| | | | | विरासत गांव एवं पर्यटन | 0.50 | 0.00 | 0.50 |
| | | | | पर्यटन के लिए तीर्थ स्थलों का विकास | 0.75 | 0.00 | 0.75 |
| | | | | पर्यटक स्थलों के पास सार्वजनिक सुविधा सह कैफेटेरिया | 0.00 | 0.20 | 0.20 |
| | | | | पर्यटन के लिए रिवरफ्रंट विकास | 0.55 | 0.00 | 0.55 |
| | | | | पर्यटक स्थानों के आसपास दुकानें या बाज़ार | 0.60 | 0.00 | 0.60 |
| 22 | झारखंड | खूंटी | बिरहू | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 1.20 | 0.00 | 1.20 |
| | | | | पर्यटन पार्कों का निर्माण | 0.30 | 0.00 | 0.30 |
| 23 | झारखंड | पूर्वीसिंहभूम | धरमबहाल | विरासत गांव एवं पर्यटन | 2.65 | 0.00 | 2.65 |
| 24 | झारखंड | रामगढ़ | बीचा | पर्यटन पार्कों का निर्माण | 0.10 | 0.25 | 0.35 |
| 25 | झारखंड | रांची | ब्राम्बे | नौका विहार | 0.80 | 0.00 | 0.80 |
| | | | | पर्यटक स्थलों के | 1.00 | 0.00 | 1.00 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | पास सार्वजनिक सुविधा सह कैफेटेरिया | | | |
| 26 | झारखंड | चतरा | सरधु | विरासत गांव एवं पर्यटन | 1.90 | 0.00 | 1.90 |
| 27 | झारखंड | सिमडेगा | ऐडेगा | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 0.00 | 0.18 | 0.18 |
| | | | | पर्यटन के लिए रिवरफ्रंट विकास | 0.00 | 0.18 | 0.18 |
| | | | | टूरिस्ट लॉज | 0.10 | 0.00 | 0.10 |
| 28 | झारखंड | बोकारो | सियालजोरी | पर्यटन के लिए तीर्थ स्थलों का विकास | 0.13 | 0.22 | 0.35 |
| 29 | झारखंड | पश्चिम सिंहभूम | दुधबीला | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 1.55 | 0.05 | 1.60 |
| | | | | पर्यटन स्थलों के किनारे पैदल मार्ग | 0.50 | 0.00 | 0.50 |
| 30 | केरल | अलपुझा | कांजीकुज़ी - मारारीकुलम | कृषि पर्यटन | 3.00 | 0.00 | 3.00 |
| | | | | कृषि पर्यटन | 0.65 | 39.30 | 39.95 |
| | | | | पर्यटन पार्कों का निर्माण | 0.60 | 0.00 | 0.60 |
| 31 | केरल | कोट्टायम | पुथुपल्ली - मनारकाड | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 0.90 | 1.50 | 2.40 |
| 32 | केरल | मलप्पुरम | तनालूर – निरामरूथुर | पर्यटन पार्कों का निर्माण | 3.26 | 0.50 | 3.76 |
| | | | | पर्यटन के लिए रिवरफ्रंट विकास | 2.45 | 0.00 | 2.45 |
| 33 | केरल | पालक्कड़ | पुथुकोडे-कावासेरी | कृषि पर्यटन | 3.80 | 0.25 | 4.05 |
| 34 | केरल | त्रिशूर | पुन्नायूरकुलम वाडा केक्कड़ | कृषि पर्यटन | 4.05 | 4.50 | 8.55 |
| 35 | लद्दाख | लेह | स्पितुक | पर्यटन पार्कों का निर्माण | 6.30 | 0.00 | 6.30 |
| | | | | पर्यटक स्थलों के पास सार्वजनिक सुविधा सह कैफेटेरिया | 0.00 | 0.28 | 0.28 |
| 36 | मध्य प्रदेश | छतरपुर | अछत्त | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 9.27 | 1.52 | 10.79 |
| 37 | मध्य प्रदेश | छिंदवाड़ा | डेलाखारी | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 3.00 | 0.00 | 3.00 |
| 38 | मध्य प्रदेश | इंदौर | नवपद पंथ | साइकिल ट्रैक | 8.00 | 0.00 | 8.00 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | मध्य प्रदेश | इंदौर | सिमरोल | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 2.00 | 0.00 | 2.00 |
| 40 | मध्य प्रदेश | मंडला | रामनगर | पगडंडी | 0.35 | 0.48 | 0.83 |
| 41 | मध्य प्रदेश | सिवनी | कान्हीवाड़ा | पगडंडी | 1.75 | 0.00 | 1.75 |
| 42 | महाराष्ट्र | औरंगाबाद | जोगेश्वरी | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 2.54 | 0.00 | 2.54 |
| 43 | महाराष्ट्र | जलगांव | हरताले | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 2.46 | 110.68 | 113.14 |
| | | | | पर्यटन पार्कों का निर्माण | 0.00 | 4.37 | 4.37 |
| | | | | टूरिस्ट लॉज | 0.93 | 0.00 | 0.93 |
| 44 | महाराष्ट्र | जलगांव | पटौंदा | पर्यटन के लिए तीर्थ स्थलों का विकास | 0.00 | 0.10 | 0.10 |
| 45 | महाराष्ट्र | जलगांव | येनगांव | पर्यटन के लिए तीर्थ स्थलों का विकास | 0.35 | 0.35 | 0.70 |
| 46 | महाराष्ट्र | नागपुर | कन्होलीबारा | पर्यटन के लिए तीर्थ स्थलों का विकास | 0.00 | 1.76 | 1.76 |
| 44 | महाराष्ट्र | पालघर | कसटवाड़ी | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 0.90 | 0.90 | 1.80 |
| | | | | पर्यटक स्थानों के आसपास दुकानें या बाज़ार | 1.80 | 0.00 | 1.80 |
| | | | | पदयात्रा मार्ग | 3.60 | 0.40 | 4.00 |
| 48 | महाराष्ट्र | पुणे | खड़कला | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 0.00 | 2.40 | 2.40 |
| 49 | महाराष्ट्र | पुणे | लोनिकालभोर | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 0.00 | 0.50 | 0.50 |
| 50 | ओडिशा | बालासोर | रबानिया | पर्यटन पार्कों का निर्माण | 0.40 | 1.10 | 1.50 |
| 51 | ओडिशा | गंजम | केसापुर | नौका विहार | 0.00 | 1.00 | 1.00 |
| 52 | ओडिशा | कंधामाल | कोटागढ़ | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 0.10 | 0.00 | 0.10 |
| | | | | पर्यटक स्थलों के पास कुर्सियाँ / बेंच | 0.00 | 0.30 | 0.30 |
| 53 | ओडिशा | सुंदरगढ़ | कुआरमुंडा | पर्यटन के लिए रिवरफ्रंट विकास | 0.50 | 0.50 | 1.00 |
| 54 | पंजाब | फतेहगढ़ साहिब | सांघोल | पर्यटन पार्कों का निर्माण | 1.00 | 0.00 | 1.00 |
| | | | | ऐतिहासिक स्थलों को पुनर्निर्माण करना | 3.00 | 0.00 | 3.00 |
| | | | | पर्यटन स्थलों के | 1.75 | 0.00 | 1.75 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | किनारे पैदल मार्ग | | | |
| 55 | पंजाब | तरन तारन | चोहला साहिब | साइकिल ट्रैक | 1.00 | 0.00 | 1.00 |
| | | | | पर्यटन के लिए तीर्थ स्थलों का विकास | 2.00 | 0.00 | 2.00 |
| | | | | पर्यटक स्थलों के पास सार्वजनिक सुविधा सह कैफेटेरिया | 2.34 | 0.00 | 2.34 |
| | | | | ऐतिहासिक स्थलों का पुनर्निर्माण करना | 0.24 | 0.00 | 0.24 |
| | | | | पर्यटन के लिए रिवरफ्रंट विकास | 1.00 | 0.00 | 1.00 |
| 56 | राजस्थान | बांसवाड़ा | अबापुरा | पर्यटन के लिए तीर्थ स्थलों का विकास | 1.70 | 0.35 | 2.05 |
| 57 | राजस्थान | बाड़मेर | माजीवाला | पर्यटन के लिए रिवरफ्रंट विकास | 2.00 | 0.00 | 2.00 |
| 58 | राजस्थान | भरतपुर | जुरेहेरा | पर्यटन पार्कों का निर्माण | 2.97 | 2.00 | 4.97 |
| 59 | राजस्थान | बीकानेर | पलाना | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 0.12 | 0.00 | 0.12 |
| 60 | राजस्थान | जालौर | रानीवाड़ा कलां | पर्यटन के लिए तीर्थ स्थलों का विकास | 2.24 | 0.05 | 2.29 |
| 61 | राजस्थान | जोधपुर | सालावास | पर्यटन पार्कों का निर्माण | 4.00 | 0.00 | 4.00 |
| 62 | राजस्थान | प्रतापगढ़ | पीलीखेड़ा | पर्यटन पार्कों का निर्माण | 0.10 | 0.00 | 0.10 |
| | | | | टूरिस्ट लॉज | 0.15 | 0.00 | 0.15 |
| 63 | राजस्थान | उदयपुर | गोगुन्दा | पर्यटन के लिए रिवरफ्रंट विकास | 5.80 | 2.54 | 8.34 |
| 64 | सिक्किम | दक्षिण सिक्किम | नमथांग | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 0.00 | 4.27 | 4.27 |
| | | | | पर्यटक स्थलों के पास सार्वजनिक सुविधा सह कैफेटेरिया | 0.12 | 0.00 | 0.12 |
| 65 | सिक्किम | पश्चिम सिक्किम | सोरेंग | पगडंडी | 0.86 | 0.39 | 1.25 |
| 66 | तमिलनाडु | कांचीपुरम | सिंग पेरुमल कोइल | विरासत गांव एवं पर्यटन | 0.25 | 0.00 | 0.25 |
| 67 | तेलंगाना | करीमनगर | बिजगिरी-शरीफ | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 1.00 | 0.00 | 1.00 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 68 | तेलंगाना | कोमारामभीम | चिर्राकुंता | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 2.00 | 1.00 | 3.00 |
| 69 | तेलंगाना | नगरकुरनूल | वेनाचारला | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 0.15 | 0.10 | 0.25 |
| | | | | पर्यटन के लिए तीर्थ स्थलों का विकास | 0.05 | 0.00 | 0.05 |
| | | | | पर्यटक स्थलों के पास सार्वजनिक सुविधा सह कैफेटेरिया | 0.20 | 0.20 | 0.40 |
| | | | | पर्यटन स्थलों के पास वर्षा आश्रय | 0.40 | 0.00 | 0.40 |
| 70 | तेलंगाना | निर्मल | कुंतला | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 0.35 | 0.00 | 0.35 |
| 71 | तेलंगाना | निजामाबाद | येदपल्ली | पर्यटन के लिए तीर्थ स्थलों का विकास | 2.00 | 1.30 | 3.30 |
| 72 | तेलंगाना | पेडापल्ली | सुल्तानबाद | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 1.30 | 0.20 | 1.50 |
| 73 | तेलंगाना | यदाद्रिभुवनगिरि | चौटुप्पल | पर्यटन के लिए तीर्थ स्थलों का विकास | 0.43 | 0.00 | 0.43 |
| 74 | त्रिपुरा | गोमती | किल्ला | पर्यटन पार्कों का निर्माण | 1.00 | 0.90 | 1.90 |
| 75 | त्रिपुरा | उत्तर त्रिपुरा | बेलियनचिप | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 1.26 | 0.00 | 1.26 |
| | | | | पर्यटन पार्कों का निर्माण | 0.32 | 0.00 | 0.32 |
| | | | | पर्यटन के लिए तीर्थ स्थलों का विकास | 0.10 | 0.00 | 0.10 |
| | | | | पर्यटन स्थलों के पास वर्षा आश्रय | 0.30 | 0.00 | 0.30 |
| | | | | पदयात्रा मार्ग | 0.10 | 0.00 | 0.10 |
| 76 | त्रिपुरा | उत्तर त्रिपुरा | रोवा | पर्यटन पार्कों का निर्माण | 0.93 | 0.00 | 0.93 |
| | | | | पर्यटन स्थलों के पास वर्षा आश्रय | 0.66 | 0.00 | 0.66 |
| | | | | पदयात्रा मार्ग | 0.10 | 0.00 | 0.10 |
| 77 | उत्तराखंड | बागेश्वर | कौसानी | कृषि पर्यटन | 6.40 | 0.00 | 6.40 |
| 78 | उत्तराखंड | टिहरीगढ़वाल | धनोल्टी | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 2.79 | 0.00 | 2.79 |
| | | | | पर्यटक स्थलों के पास कुर्सियाँ बेंच / | 0.39 | 0.00 | 0.39 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | पगडंडी | 0.77 | 0.00 | 0.77 |
| | | | | पर्यटक स्थलों के पास सार्वजनिक सुविधा सह कैफेटेरिया | 0.34 | 0.00 | 0.34 |
| | | | | कटघरा | 0.15 | 0.00 | 0.15 |
| | | | | पर्यटन स्थलों के पास वर्षा आश्रम | 0.37 | 0.00 | 0.37 |
| | | | | पर्यटक स्थानों के आसपास दुकानें या बाज़ार | 0.20 | 0.00 | 0.20 |
| | | | | पदयात्रा मार्ग | 0.44 | 0.00 | 0.44 |
| | | | | पर्यटन स्थलों के किनारे पैदल मार्ग | 2.12 | 0.00 | 2.12 |
| 79 | उत्तराखंड | उधम सिंह नगर | पहेनिया | पर्यटक स्थलों के पास सार्वजनिक सुविधा सह कैफेटेरिया | 1.50 | 0.50 | 2.00 |
| 80 | उत्तर प्रदेश | चित्रकूट | कसहाई | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 5.00 | 1.50 | 6.50 |
| 81 | उत्तर प्रदेश | चित्रकूट | मऊ मुस्तकिल | टूरिस्ट लॉज | 4.00 | 0.00 | 4.00 |
| 82 | उत्तर प्रदेश | कुशी नगर | बंस गाँव | पर्यटन पार्कों का निर्माण | 1.90 | 3.60 | 5.50 |
| 83 | उत्तर प्रदेश | महोबा | श्री नगर | पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण | 0.80 | 0.00 | 0.80 |
| | | | | पर्यटक स्थानों के आसपास दुकानें या बाज़ार | 0.40 | 0.00 | 0.40 |
| 84 | उत्तर प्रदेश | सोनभद्र | कोडाई | पर्यटन पार्कों का निर्माण | 0.99 | 0.20 | 1.19 |
| | | | | **कुल** | **280.26** | **282.46** | **562.72** |

********